# Government of Bihar

## Department of Mines & Geology

Letter No- 3003 /M. Patna, Dated 8/6/2023

From,

Md. Nayyer Iqbal, I.A.S
Director (Mines).

To,

The Ld. Registrar General ,
Hon'ble National Green Tribunal,
Principal Bench, New Delhi,
e-mail - judicial-ngt@gov.in

Sub: **Regarding submission of Joint Committee Report in compliance of order dated 09.05.2023 passed by Hon'ble National Green Tribunal, Principal Bench, New Delhi in O.A. No. 305/2023.**

Sir,

Kindly refer to the subject mentioned above. In compliance of order dated 09.05.2023 passed by Hon'ble National Green Tribunal, Principal Bench, New Delhi in O.A. No. 305/2023, please find attached herewith the Joint Committee Report for your kind perusal and further necessary action.

Enclosures:- As above

Yours faithfully

Director (Mines)
8/6/23

## BEFORE THE HON'BLE NATIONAL GREEN TRIBUNAL

## PRINCIPAL BENCH AT NEW DELHI

## ORIGINAL APPLICATION NO. 305/2023


| S. No. | PARTICULARS | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Report of the Joint Committtee constituted by the Hon'ble National Green Tribunal, Principal Bench, New Delhi vide its order dated 09.05.2023 passed in the matter of Original Application No. 305 of 2023 dated 18.04.2023 | 1-10 |
| 2. | **Annexure-A :** Copy of the Minutes of Meeting of the Joint Committee held on 24.05.2023 and 31.05.2023 | 11-15 |
| 3. | **Annexure-B :** Copy of the Bihar Sand Mining Policy, 2019 | 16-26 |
| 4. | **Annexure-C :** Copy of the Bihar Minerals (Concession, Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Amendment Rules, 2021 | 27-35 |

**REPORT OF THE JOINT COMMITTTEE CONSTITUTED BY THE HON'BLE NATIONAL GREEN TRIBUNAL, PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI VIDE ITS ORDER DATED 09.05.2023 PASSED IN THE MATTER OF ORIGINAL APPLICATION NO. 305 OF 2023 DATED 18.04.2023**

## I. Brief Background

The Hon'ble National Green Tribunal, Principal Bench, New Delhi took suo moto cognizance of the issue regarding illegal sand mining as captioned in the media report showing that the officials of the Department of Mines and Geology, State of Bihar were beaten up by the illegal sand miners. The Hon'ble NGT vide its order dated 09.05.2023 constituted a Joint Committee to look into the matter and give a report, comprising of the following:

i. Chief Secretary, Bihar
ii. Director General of Police, Bihar
iii. Additional Chief Secretary, Department of Mines and Geology, Bihar
iv. Principal Secretary, Department of Environment, Forest and Climate Change, Bihar.

## II. Site Inspection & Findings of the Joint Committee:

1. The Joint committee, formed under the directions passed by the Hon'ble NGT vide its order dated 09.05.2023, visited the place of occurrence i.e., Parev, Patna on 24.05.2023. The following essential facts came to light during the inspection conducted by the Joint Committee:

a) During inspection, it was found that no illegal mining was taking place in the nearby sand ghats. Further, there were no signs of any mining around the Koilwar bridge.

b) The District Magistrate, Patna informed that regular raids and checking is conducted on major routes and stern action is taken against the vehicles who plying with without challan or carrying excess quantity mentioned on challan. Legal sand ghats are also regularly checked and strict action is taken against irregularity, if

found. In this regard, a total of 257 raids, 216 arresting, 70 FIR's, 434 vehicles seized and penalty amounting to Rs. 220.43 lakhs recovered during 17.04.2023 to 23.05.2023. In addition to this 7 FIR's lodged against illegal mining.

c) In the District of Bhojpur a total of 251 raids, 27 arresting, 70 FIR's and 410 vehicles seized during 18.04.2023 to 23.05.2023.

2. The Joint Committee also held a meeting with the settlees and transporters of sand on 31.05.2023 and response was sought from them regarding the stringent action being taken by the State to prevent illegal mining. The concerned individuals/ settlees/ transporters submitted before the Committee that the steps which are being undertaken by the State have resulted into decrease of illegal mining and a sense of fear is there amongst the sand mafias in the state. It was also requested by the said persons that such measures must remain in place permanently so that illegal sand mining is completely eradicated in the State of Bihar.

## III. Recommendation Given by the Joint Committee:

The Joint Committee, in furtherance of the action taken by the District Administration for curbing illegal sand mining, gave the following directions to the concerned District Magistrate and the Superintendent of Police:

i. Conduct regular raids nearby non-settled sand ghats and also keep vigil on settled sand ghat.

ii. The Department of Mines and Geology will track the vehicle engaged in sand transportation by getting pre-registered and installation of GPS. Facility regarding extension of validity period will also be enabled in case of congestion in route.

iii. The Mines and Geology Department will pre-registered the vehicles engaged in sand transportation to resolve the issue

faced due to the expiry of the time period of e-challan during traffic congestion. Along with this, tracking of vehicles shall be done by installing GPS.

iv. Establish checkposts equipped with CCTV cameras on the major routes of sand mining/ transportation and get intensive checking of vehicles by officials of mining, transport and police.

v. Additional Police post will be established in inaccessible area to more effectively dominate these area.

**A copy of the minutes of meeting of the Joint Committee held on 24.05.2023 and 31.05.2023 are enclosed herewith as Annexure A.**

## IV. The Measures taken by the State to deal with the problem of Illegal mining in Bihar.

### A. New Bihar Sand Mining Policy 2019

i. The State of Bihar after due consideration of environmental concerns, sustainable sand mining guidelines and assessment of the previous sand policy, promulgated a New Sand Policy in 2019.

ii. Earlier the whole district with all its rivers was settled with a single setllee, who then submitted a mining plan and applied for EC for various ghats. Majority of the ghats were B2 category ghats whose EC was given by DEIAA.

iii. The settlement of one district or a few districts with one person/ company led to monopolization of the sand business by a few and led to increase in criminal activities. As they were leased the whole district, the leaseholders took EC for small plots but indulged in mining in area outside these plots thereby violating environmental safeguards and negating the EC regime.

iv. The State of Bihar rectified these issues in its new sand policy 2019 and restricted the area that could be settled with one settlee to a maximum of 200 hectares in case of major rivers.

v. Areas of deposition of sand were identified and based on the surveyed area, major rivers like Son, Kiul, Falgu, Morhar and Chanan divided into sustainable contiguous blocks, wherever possible, keeping in mind the topography of the river to prevent illegal mining. Other rivers within a district divided as per requirement for the purpose of settlement.

vi. The New Sand policy 2019 of Bihar was upheld by the Hon'ble NGT in OA No 62/19 and in its order dated 02.12.2019 and by the Hon'ble Supreme Court of India in Civil Appeal No.-9467/2019 vide order dated 24.01.2020.

**A copy of the Bihar Sand Mining Policy, 2019 is enclosed herewith as Annexure B.**

**B. <u>Constitution of Mining Task Force at State, Division and District level</u>**

i. The State Government has also formulated the Bihar Minerals (Concession, Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2019. The chapter XVII of Bihar Mineral (Concession, Prevention of illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2019 deals with mechanism for preventing illegal mining, transportation, and storage of sand. Under this chapter, **Mining Task Force has been constituted at State/ Division/ District level.** It is the responsibility of the District Level Task Force to ensure that all the mining activity is carried out as per the terms of the mining lease and no illegal mining, illegal transportation, over loading, hoarding and black marketing of minor mineral is carried on. The following District level officials are member of District level Mining Task Force:-

(a) Collector– Chairman

(b) Superintendent of Police

(c) All Sub Divisional Officers

(d) All Sub Divisional Police Officers

(e) Divisional Forest Officer

(f) Executive Engineer, RCD, BCD, PHED and Rural Works Department

(g) District Transport Officer

(h) District Mining Officer – Member Secretary

**C. Stringent Penal Provisions made by enhancing fine to 25 times the royalty amount and compound fee based on the type of vehicle used**

i. In order to control illegal mining and transportation in the State stringent penal provisions were made enhancing the compounding fee and rate of fine for illegal mining/ transportation of minerals, as per the guidelines given by **the Hon'ble National Green Tribunal, Principal Bench, New Delhi *vs.* Virender Singh & Ors vide order and judgement dated 26.02.2021 in OA No. 360 of 2015**.

ii. The State of Bihar promulgated and notified the Bihar Minerals (Concession, Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Amendment Rules, 2021 vide gazette notification dated 5th July 2021 for prevention of illegal mining by prescribing severe penalties considering the gravity of the offences. The amended Rule 56 (1) clearly stipulates that no person shall extract or remove or undertake any mining operation in any area without holding any mineral concession, permit or any other permission granted or permitted under these rules or shall transport or store or cause to be transported or stored any mineral without a valid challan or license. Sub Rule (2) of Rule 56 prescribes imprisonment term, which may extend to two years or

a fine of five lakh rupees or both. The Mining officer may compound the offence on payment of cost of the mineral and the compound fees detailed in the chart reproduced herein below:-

| S.No. | Vehicle/ Equipment | Compound Fee (in Rs.) Per Unit |
|---|---|---|
| 1 | Tractor Trolley | 25000/- |
| 2 | Matador, Half Truck 407,608 | 50000/- |
| 3 | Full Body Truck/ Dumper (Hydraulic 6-wheeler vehicle) | 100000/- |
| 4 | 10 or more than 10-wheeler vehicle | 200000/- |
| 5 | Crane, Excavator, Loader, Power hammer, Compressor, Drilling Machine, etc | 400000/- |

**Note**: - Cost of the mineral shall be taken as twenty-five times of royalty in lieu of rent, royalty, compensation for environmental degradation and tax chargeable on the land occupied without lawful authority, etc.

Provided that the amount of compound fee in cases other than specified as above shall not be less than rupees twenty-five thousand and shall be in addition to the cost of mineral.

iii. Rule 56 (3) also contains provisions for seizure of vehicle along with the mineral by a mining officer or police officer of the district or any other officer of the district authorized by the Collector.

**A copy of the Bihar Minerals (Concession, Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Amendment Rules, 2021 is enclosed herewith as Annexure C.**

## D. Continuous Raids and Monitoring: -

On the directions of the District Level Task Force, district officers of mining, transport, revenue and police have been conducting periodic raids both during the day and at night. The details of action taken during last two years is provided herein below:-

| Period | Raids | FIR | Arresting | Vehicles Seized | Penalty Imposed (In lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 16,504 | 3175 | 1760 | 18276 | 16512.41 |
| 2022-23 | 22,962 | 4437 | 2441 | 20352 | 29900.08 |
| 2023-24 (till 31.5.2023) | 4526 | 821 | 485 | 4043 | 5362.00 |

The sand mining ghats are also being inspected by the concerned officials and in case of any irregularly, heavy penalty is being imposed upon the contractors at the sand ghats. Moreover, third party environmental audit of sand ghats has also been conducted for effective monitoring of sand mining in the respective districts of the state.

**E. <u>Exemplary Action against officers whose role was found dubious</u>**

The State of Bihar has a zero-tolerance policy towards illegal mining. It is the only state in the country to take exemplary action against government officers whose role in controlling illegal mining was found to be dubious. The Economic Offences Unit after surveillance two Indian Police Service (IPS) officers, four deputy superintendents of police (DSP) rank officers, many SHOs besides four Bihar Administrative Service officers (BAS) were among 27 officials suspended for aiding and abetting illegal sand mining mafias in four districts of the state. A motor vehicle inspector (MVI) along with five officers of mines and geology department were also suspended for aiding and abetting the illegal sand mining mafia.

**F. <u>Creation and Recruitment on 100 posts of Mining Inspectors in the State.</u>**

To ensure that regulatory mechanism works efficiently towards the prevention of illegal mining and transportation, the Department of Mines and Geology created 100 new posts of Mining Inspectors. Till

date 90 Mining Inspector including 28 Women have been recruited and posted. These Mining Inspectors hail from prestigious institutions and are being regularly trained to deal with illegal sand mining.

G. **Deployment of SAP and Home guards in various Districts.**

190 Home guards and 137 SAPs has been deployed to deal with the menace of illegal sand mining, transportation and storage.

H. **Preparation of DSR for all Districts.**

In the light of order of Hon'ble Supreme Court in the matter of State of Bihar & Ors. vs. Pawan Kumar & Ors., Civil Appeal No. 3661-3662 of 2020, **the District Survey Report has been prepared** and the same are approved by State Level Environment Impact Assessment Authority (SEIAA), Bihar. All the sand deposit areas of the river are identified and included in the new DSRs to avoid possibilities of illegal mining. The identified sand ghats are being auctioned and the concerned LOI holders have applied for grant of EC before SEIAA which is under process. In the interregnum, the Bihar State Mining Corporation Ltd. (BSMCL) has been conducting sand mining in the state by appointing contractors in terms of the orders passed by the Hon'ble Supreme Court in the matter of State of Bihar & Ors. vs. Pawan Kumar & Ors., Civil Appeal No. 3661-3662 of 2020. The entire sand mining activity being undertaken in the State of Bihar, as on date, is being done under the supervision of the Hon'ble Supreme Court in the abovementioned pending matter.

V. **Steps to further improve the mechanism:**

1. The Council of Minister, State of Bihar has already granted approval for services of National Informatics Centre (NIC) in Department of Mines and Geology Department for Next Generation Mining Management Software and incorporation of

latest technologies and best practices which being followed across country in mining sector for delivery of services which aims at the following :-

a) Integrated Web, Mobile technology as enabler for transparency, robustness, and Secured platforms.

b) Dashboards for all stakeholders along with alerts will be generated for smooth operations.

c) The software has been architecturally designed to ensure that there is no technical issue when the number of concurrent users increases.

d) The software will be integrated with the Central mParivahan (MORTH) Portal to ensure that vehicle details are verified before issuing a challan. However, the dependency on Central server during challan issue has been eliminated.

e) A command-and-control centre will be established to monitor the vehicle movements.

f) A new feature has been added to the portal, allowing vehicle owners to register their vehicles and get vehicles verified with mPariwahan (MORTH) Portal before issuing a challan.

g) Departmental officers will also be able to verify the loaded vehicle and its challan through the Mobile App. The QR Code of Challan will be securely encrypted so that only verified Mobile App users can scan and check challan/vehicle information.

h) The software will be integrated with VLTS (Vehicle Location Tracking System), which is currently running in the transport

department, to track vehicles. The route chart will also be digitized to track deviations in the route and generate alerts.

i) Vendors for GPS devices empanelled with MORTH will be shared with vehicle owners so that they can procure and install standard devices as per MORTH guidelines.

j) Mining plans will be digitized, and geo-fencing of the mining area will be done. Entire resources are being digitised bring them on GIS platform.

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(Arvind Kumar Chaudhary)**<br>Principle Secretary,<br>Environment & Climate<br>Change Dept., Bihar | **(Harjot Kaur Bamhrah)**<br>Additional Chief<br>Secretary,<br>Mines & Geology Dept.,<br>Bihar | **(R. S. Bhatti)**<br>Director General<br>of Police, Bihar | **(Amir Subhani)**<br>Chief Secretary,<br>Bihar |

Annexure- A

11

**मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–24.05.2023 को माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा O.A. No.-305/2023 में दिनांक–09.05.2023 को पारित आदेश के आलोक में परेव, पटना का स्थल भ्रमण एवं समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थितिः–संलग्न।

1. माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा O.A. No.-305/2023 में दिए निदेश के आलोक में गठित संयुक्त समिति द्वारा दिनांक–24.05.2023 को परेव, पटना (घटनास्थल) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आस–पास के बालूघाटों पर किसी प्रकार का अवैध खनन नहीं पाया गया और न ही कोईलवर पुल के समीप खनन करने के चिन्ह पाए गए।

2. जिलाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि पटना जिला तीन तरफ से गंगा, सोन एवं पुनपुन नदी से घिरा हुआ है। पटना जिलान्तर्गत सोन नदी लगभग 46 कि0मी0, गंगा नदी 127 कि0मी0 एवं पुनपुन नदी 105 कि0मी0 का प्रवाह है। सोन नदी का लगभग आधा भाग पटना जिला एवं शेष भोजपुर जिला में आता है। पटना जिला के मनेर थानान्तर्गत हल्दीछपरा में गंगा एवं सोन नदी का संगम है। संगम के बाद गंगा नदी का प्रवाह दो भागों में बट जाता है। इन दोनों के बीच में दियारा क्षेत्र अवस्थित है, जिसका कुछ भाग सारण जिला की परिधि में भी आता है।

3. पटना जिला के सभी मार्गों पर नियमित रूप से चेकिंग की जाती है और बिना चालान, चालान से अधिक खनिज ले जाने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। जिले में वैध खननकर्त्ताओं के कार्यों पर भी सतत निगरानी रखी जाती है तथा निर्धारित क्षेत्र के बाहर खनन का साक्ष्य मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाती है। पटना जिले में दिनांक–17.04.2023 से 23.05.2023 तक 257 छापेमारी करते हुए 216 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 434 वाहनों को जप्त करते हुए जप्त वाहनों के विरूद्ध कुल 70 प्राथमिकी एवं 220.43 लाख रूपये का दण्ड वसूला गया है। इसके अतिरिक्त अवैध खनन के विरूद्ध 7 प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

4. भोजपुर जिला में भी दिनांक–18.04.2023 से 23.05.2023 तक 251 छापेमारी, 70 प्राथमिकी, 27 गिरफ्तारी एवं 410 वाहनों को जप्त किया गया है।

5. समिति द्वारा अवैध खनन, परिवहन के विरूद्ध की गयी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया एवं पटना तथा भोजपुर जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को व्यापक छापेमारी जारी रखने का निदेश दिया। साथ ही बालू परिवहन के मुख्य रास्तों पर सी0सी0टी0वी0 युक्त जाँच चौकी स्थापित करने का निदेश दिया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/– | ह0/– | ह0/– | ह0/– |
| **(अरविन्द कुमार चौधरी)** | **(हरजोत कौर बम्हरा)** | **(आर0एस0भट्टी)** | **(आमिर सुबहानी)** |
| प्रधान सचिव | अपर मुख्य सचिव | पुलिस महानिदेशक | मुख्य सचिव, |
| पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | खान एवं भूतत्व विभाग | बिहार | बिहार |

**बिहार सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**

ज्ञापांक :– ................................................/एम0, पटना, दिनांक :– ..............................
प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक, खान

ज्ञापांक :– ................................................/एम0, पटना, दिनांक :– ..............................
प्रतिलिपि :–पुलिस महानिदेशक, बिहार/प्रधान सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक, खान

ज्ञापांक :– ................................................/एम0, पटना, दिनांक :– ..............................
प्रतिलिपि :–समाहर्त्ता, पटना/भोजपुर, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना, पुलिस अधीक्षक, भोजपुर, उपनिदेशक, अंचल कार्यालय, पटना, खनिज विकास पदाधिकारी, पटना/भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक, खान

ज्ञापांक :– 3001 /एम0, पटना, दिनांक :– 8/6/2023
प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सचिव कोषांग, खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, खान 8/6/23

**मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक–31.05.2023 को माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा OA No.-305/2023 में दिनांक–09.05.2023 को पारित आदेश के आलोक में बालूघाटों के बंदोबस्तधारियों तथा बिहार ट्रक मालिक संघ के सदस्यों के साथ संपन्न बैठक की कार्यवाही:–**

उपस्थिति संलग्न :–

1. माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा OA No.-305/2023, दिनांक–17.04.2023 को पारित आदेश के आलोक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा बालू खनन से जुड़े परिवहनकर्ताओं एवं बंदोबस्तधारियों के साथ बैठक की गई।

2. बैठक में सभी हितधारकों के साथ बालू खनन पर विस्तृत चर्चा की गई। संघ के सदस्यों द्वारा बताया गया कि जिलों को छापामारी हेतु दिये गए अतिरिक्त पुलिस बल एवं प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई से अवैध खनन एवं परिवहन पर लगाम लगी है एवं अवैध खननकर्ताओं/परिवहनकर्ताओं में भय का माहौल व्याप्त है। इस तरह के अभियान को नियमित एवं सतत चलाए जाने की आवष्यकता है।

3. वाहनों के जाम में फंस जाने के कारण चालान अवधि में गंतव्य स्थान पर न पहुँच पाने की समस्या का उल्लेख किया। चालान अवधि समाप्त होने पर पदाधिकारियों द्वारा पकड़ लिया जाता है और जुर्माने की राशि वसूली जाती है। इसके निराकरण आवश्यक है।

4. वैसे बालू घाट जो वर्तमान में बन्दोबस्ती न होने के कारण बन्द हैं से अवैध खनन की संभावना रहती है। ऐसे बालू घाटों पर नियमित निगरानी रखने एवं पूर्व से निर्मित रास्ते को काटने की आवश्यकता है।

5. जिस मार्ग से अधिकांश बालू लदे वाहनों का परिचालन होता है वहां चेक पोस्ट लगाये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की भी व्यवस्था की जाए।

6. अबन्दोबस्त या प्रतिबंधित स्थानों से अवैध बालू खनन प्रेषण एवं भंडारन पर रोक लगाना स्थानीय थाना/पुलिस की जिम्मेवारी है। इसका अनुपालन कड़ाई से कराया जाए।

7. वाहन चालक/मालिक द्वारा नम्बर प्लेट बदलकर एक ही वाहन का चालान कई बार कटा लेने के दृष्टांत के आलोक में बालू के परिवहन से जुड़े वाहनों का पंजीकरण कराना आवश्यक है, तभी अवैध परिवहनकर्त्ताओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

8. मुख्य सचिव द्वारा बिस्तृत चर्चा उपरांत, जिलों में बन्दोबस्त बालूघाटों के निगरानी के साथ–साथ अबन्दोबस्त बालूघाटों एवं इसके आस–पास नयमित रूप से छापामारी करने का निदेश दिया गया।

9. सरकारी सम्पति (लघु खनिज) की चोरी के मामलें में भारतीय दण्ड संहिता के तहत प्राथमिकी दायर करने के लिए पुलिस विभाग सक्षम प्राधिकार है। अतएव जिस थानान्तर्गत लघु खनिजों के अवैध खनन की सूचना पायी जाएगी, वहाँ के संबंधित थानाध्यक्ष/पुलिस पदाधिकारी अवैध खननकर्त्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

10. ई–चालान की समयावधि समाप्त होने के कारण हो रही कठिनाई के निराकरण के लिए खान एवं भूतत्व विभाग बालू परिवहन में कार्यरत वाहनों का पंजीकरण कराये । साथ ही ऐसे वाहनों में जी0पी.एस0 लगवाकर वाहनों की ट्रेकिंग की जाए।

11. बालू खनन के मुख्य रास्तों पर जिलाधिकारी सीसीटीवी युक्त जाँच चौकी स्थापित कर खनिज, परिवहन एवं पुलिस के पदाधिकारियों से वाहनों की सघन चेंकिंग कराए।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **ह0/–** | **ह0/–** | **ह0/–** | **ह0/–** |
| **(अरविन्द कुमार चौधरी)** | **(हरजोत कौर बम्हरा)** | **(आर॰ एस॰ भट्टी)** | **(अमिर सुबहानी)** |
| प्रधान सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार | अपर मुख्य सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार | पुलिस महानिदेषक, बिहार | मुख्य सचिव, बिहार |

**बिहार सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**

ज्ञापांक :– ............................................/एम0, पटना, दिनांक :– ..............................
प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक, खान

ज्ञापांक :– ............................................/एम0, पटना, दिनांक :– ..............................
प्रतिलिपि :–पुलिस महानिदेशक, बिहार/प्रधान सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार, पटना/राज्य परिवहन आयुक्त, परिवहन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक, खान

15

ज्ञापांक :– ............................................/एम0, पटना, दिनांक :– ..............................
प्रतिलिपि :–समाहर्त्ता, पटना/भोजपुर, वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना, पुलिस अधीक्षक, भोजपुर, उपनिदेशक, अंचल कार्यालय, पटना, खनिज विकास पदाधिकारी, पटना/भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
निदेशक, खान

ज्ञापांक :– 3000 /एम0, पटना, दिनांक :– 8/6/2023
प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सचिव कोषांग, खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक, खान 8/6/23

निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट

## असाधारण अंक

## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

25 श्रावण 1941 (श0)

(सं0 पटना 961) पटना, शुक्रवार, 16 अगस्त 2019

खान एवं भूतत्व विभाग

---

अधिसूचना

14 अगस्त 2019

### बिहार बालू खनन नीति, 2019

सं0 2/एम0एम0(बा0)–227/18– 2650/एम0—बिहार बालू खनन नीति, 2019 एतद् द्वारा नीचे वर्णित कारणों से और उद्देश्य के लिए अधिसूचित की जाती है :–

1. बालू सबसे महत्वपूर्ण निर्माण सामग्रियों में से एक है। राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। बालू का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत नदी है। नदी निकायों से बालू की निकासी आवश्यक पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों को अपनाने के साथ विनियमित किया जाना है।
2. राज्य में निर्माण कार्य एवं भराई दोनों उद्देश्यों के लिए पर्याप्त रूप से बालू उपलब्ध है। गंगा नदी के दक्षिण भाग के जिलों में निर्माण कार्य में व्यवहृत पीला बालू उपलब्ध है तथा गंगा नदी के उत्तरी भाग के जिलों में सफेद बालू उपलब्ध है, जो मुख्यतः भराई कार्यो में उपयोग किया जाता है। पीला बालू वाले जिलों की बंदोबस्ती क्षमता सफेद बालू जिलों से भिन्न है, क्योंकि निर्माण कार्य में बालू की मांग अधिक है, जबकि भराई कार्य के लिए व्यवहृत बालू की मांग सीमित है।
3. अधिसूचना संख्या–2214/एम0, दिनांक–27.08.2013 द्वारा राज्य बालू नीति, 2013 बनाई गई थी जिसमें प्रत्येक जिले में अवस्थित प्रत्येक संपूर्ण नदी को एक सिंगल स्ट्रेच माना गया था। जिले में सभी नदियों की बंदोबस्ती के प्रयोजनार्थ एक स्ट्रेच के रूप में माना गया था और एक जिलें में सभी ऐसे स्ट्रेचेज को एक सिंगल इकाई (यूनिट) में जोड़ा गया था। दो या दो से अधिक जिलों को संयुक्त कर बंदोबस्ती के लिए एक इकाई माने जाने का प्रावधान भी किया गया था। बालू नीति, 2013 के अन्तर्गत 29 जिलों में 25 इकाई बनाई गयी थी।

4. अनेक जिलों की बंदोबस्ती एक व्यक्ति/ कंपनी के साथ होने से अंतिम रूप से बड़े निहित हितो तथा एकाधिकारवादी प्रणाली कायम हो गई। इस प्रणाली में छोटे भागीदरों की कोई भूमिका नहीं थी।

5. नई बालू नीति, 2019 के मुख्य तीन उद्देश्य हैः–

(i) बालू का सतत् खनन पर्यावरणीय तरीकों से सुनिश्चित किया जाना।

(ii) निर्माण हेतु उचित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराना।

(iii) रोजगार सृजन सुनिश्चित कराने हेतु बंदोबस्तधारियों की संख्या में वृद्धि करना।

बालू की बंदोबस्ती निम्न तरीकों से किया जाना प्रस्तावित हैः–

**बालूघाट इकाईयाँः–**

(i) जिला में अवस्थित प्रत्येक नदी को अलग–अलग इकाई माना जाएगा एवं प्रमुख नदी इकाईयों (major river reaches) यथा सोन, किउल, फल्गू, मोरहर एवं चानन को जहाँ कही संभव हो सके विखंडित कर सतत् संहृत खंडों में नदी के स्थालाकृति को ध्यान में रखते हुए बाँटकर बंदोबस्ती की जाएगी।

(ii) इसी प्रकार जिला में अवस्थित अन्य नदी इकाई को आवश्यकतानुसार विखंडित कर बंदोबस्ती की जाएगी।

6. **बालूघाटों की बंदोबस्ती की प्रक्रियाः–**

(क) कोई व्यक्ति/ निबंधित कंपनी/ पार्टनरशीप/ सोसाईटी/ सहकारी संस्था अधिकतम दो बालू खण्डों अथवा 200 हेक्टेयर क्षेत्र, जो भी कम हो, के लिए नीलामी के पात्र होंगे। उपरोक्त सीमा मात्र कंडिका 5(i) में उल्लेखित नदियों पर बालू होगी। अन्य नदियों के लिए विभाग अधिकतम बालू खंडों की सीमा / क्षेत्रफल निर्धारित करने हेतुए सक्षम होगा।

(ख) (i) बालूघाटों की बंदोबस्ती उच्चतम बीडर के पक्ष में ई0– निविदा –सह–नीलामी (e-tendering- cum-auction) के माध्यम से उन निविदादाताओं के बीच से की जाएगी जिनकी तकनीकी बीड निविदा दस्तावेजों में वर्णित पात्रताओं की शर्त्तों के अनुसार, तकनीकी रूप से उपयुक्त पाई जाएगी।

(ii) बीडर द्वारा उच्चतम कोटेड वार्षिक समनुदान मूल्य कही जाने वाली कीमत पर समनुदान दिया जाएगा, जिसमें प्रत्येक अगले वर्ष के लिए, 20 प्रतिशत् अग्रिम भुगतेय राशि की बढ़ोत्तरी की जाएगी।

(iii) नीलामी के तुरंत बाद, उच्चतम बीडर से नीलामी राशि के 10 प्रतिशत् का भुगतान, प्रतिभूति जमा, (इस प्रयोजनार्थ अग्रधन समायोजन योग्य है) के रूप में करने की अपेक्षा की जाएगी और सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत्यादेश उच्चतम बीडर के पक्ष में निर्गत किया जाएगा और उसके बाद उच्चतम बीडर निविदा पत्र में वर्णित अपेक्षित दस्तावेज यथा–अनुमोदित खनन योजना, पर्यावरणीय अनापत्ति नियत कालावधि के भीतर जमा करेगें।

(iv) अग्रधन / प्रतिभूति जमा और नीलामी की किश्तों का भुगतान बैंक ड्राफ्ट/ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा, जो–

(क) किसी व्यक्ति की दशा में, बैंक ड्राफ्ट/ ऑनलाईन राशि अंतरण अपने स्वयं के बैंक खाते से किया जाएगा।

(ख) भागीदारी फर्म की दशा, बैंक ड्राफ्ट/ऑनलाईन राशि अंतरण संबंधित फर्म अथवा उसके भागीदारों के बैंक खाते से किया जाएगा।

(ग) कंपनी की दशा में, बैंक ड्राफ्ट/ऑनलाईन राशि अंतरण संबंधित कंपनी या उसके प्रबंध निदेशक या उसके संबंधित निदेशकों के खाते से तैयार किया जाएगा।

(v) आवेदक/बंदोबस्तधारी वर्त्तमान तीन माह का खाताधारक के बैंक खाता विवरणी की प्रति के साथ बैंक द्वारा निर्गत इस प्रभाव का एक प्रमाण–पत्र जमा करेगा।

(vi) अपेक्षित दस्तावेजों को जमा करने और अपेक्षित रकम के भुगतान के बाद कार्य–आदेश उच्चतम बीडर के पक्ष में निर्गत किया जाएगा।

(vii) बंदोबस्तधारी बंदोबस्ती अवधि के दौरान नियमों/निविदा दस्तावेज के अधीन किये गये प्रावधानों के अनुसार संपूर्ण खनन एवं अन्य करों का भुगतान करेगा।

7. **पात्रता और बीड कैपीसिटीः–** निबंधित कम्पनीयॉ, पार्टनरशीप, सोसाईटी, सहकारी संस्था सहित, सोल प्रोपराईटरशीप, व्यक्तियों और दो ऐसी संस्थाओं के भागीदार निम्नलिखित पात्रता मानदण्डों को पूरा करने के अधीन रहते हुए पात्र होगें :–

(i) 31वीं मार्च को समाप्त होने वाला पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान बीडर का औसत वार्षिक टर्नओभर उसके द्वारा बीड किये गये खंडों/बालू खंड/बालूघाट के सुरक्षित मूल्य के 10 प्रतिशत् से कम नही होना चाहिए। भागीदारी की दशा में, सभी सदस्यों के संयुक्त तकनीकी और वित्तीय क्षमता पर पात्रता के लिए विचार किया जाएगा।

(ii) पैन कार्ड धारक होना चाहिए और गत् तीन वर्षों के लिए आयकर रिटर्न जमा होना चाहिए।

(iii) आवेदक (निबंधित कम्पनीयॉ, पार्टनरशीप, सोसाईटी, सहकारी संस्था के प्रमोटर तथा सोल प्रोपराईटर्स एवं व्यक्तियों) को डी0एम0/एस0पी0/एस0डी0 एम0 द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण– पत्र देना होगा। उक्त चरित्र प्रमाण में यह भी उल्लिखित होना चाहिए कि आवेदक के विरूद्ध कोई संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं है और उसका अच्छा नैतिक चरित्र है।

8. **न्यूनतम सुरक्षित मूल्य का निर्धारण–** सुरक्षित जमा राशि का निर्धारण विभाग द्वारा किया जायेगा। यदि तीन बार प्रयासों के बाद भी उक्त निर्धारित न्यूनतम सुरक्षित मूल्य पर नीलामी की प्रक्रिया के दौरान कोई बीडर नहीं मिलता है तो न्यूनतम सुरक्षित मूल्य, विभागीय तकनीकी समिति द्वारा संबंधित क्षेत्र और अन्य स्थानीय/तकनीकी दशाओं में निक्षेपित बालू के आधार पर तथा समाहर्त्ता की अध्यक्षतावाली जिलास्तरीय समिति से अनुशंसा प्राप्त कर पुनरीक्षित किया जा सकेगी। उक्त खण्ड/बालू खंड/ बालूघाट की पुनः नीलामी, राज्य सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, पुनरीक्षित न्यूनतम सुरक्षित मूल्य के आधार पर की जाएगी।

9. **भुगतान की शर्तेंः–**

(i) आवेदक अपनी निविदा दस्तावेज के साथ अग्रधन के रूप में बैंक ड्राफ्ट/ऑनलाईन के माध्यम से सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत् जमा करेगा।

(ii) बीड–राशि केवल प्रथम वर्ष के लिए बंदोबस्ती की राशि मानी जाएगी। दूसरे वर्ष और उसके बाद की बंदोबस्ती की राशि गत् वर्ष की बंदोबस्ती राशि के 120 प्रतिशत् के बराबर होगी।

(iii) प्रतिभूति जमा के अलावे बंदोबस्तधारी निम्नलिखित सूची के अनुसार बंदोबस्ती की राशि का भुगतान करेगा :–

| किस्त | भुगतान की नियत तारीख |
|---|---|
| प्रथम किस्त (50%) | (क) कार्य आदेश निर्गत होने के पहले (पहले वर्ष के लिए)<br>(ख) 15 दिसम्बर (दूसरे वर्ष और उसके बाद) |
| द्वितीय किस्त (25%) | 15वां मार्च |
| तृतीय किस्त (25%) | 15वां जून |

यदि किस्तों के भुगतान करने में बंदोबस्तधारी असफल होता है तो आगे ई–चालान सिस्टम द्वारा बंद कर दिया जाएगा और केवल अग्रिम भुगतान कर दिये जाने के बाद खोला जाएगा।

(iv) बंदोबस्तधारी जी0एस0टी0, आयकर, स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान भी संबंधित विभाग की अद्यतन अधिसूचना के अनुसार करेगा। बंदोबस्तधारी डी0एम0एफ0 को बिहार डी0एम0एफ0 नियमावली, 2018 के अनुसार भुगतान करेगा।

10. **प्रतिभूति जमा और खनन कार्य आरंभ करनाः–** भुगतान किये जानेवाला प्रतिभूति जमा वार्षिक समनुदान मूल्य का 10 प्रतिशत् होगी। प्रतिभूति राशि अंतिम किस्त में समायोजित की जाएगी बशर्त्ते कि कोई अन्य बकाया वसूल नहीं किया जाना हो।

11. **बंदोबस्ती विलेख (डीड) निष्पादन करनाः**–सफल बीडर को 5 वर्षों की अवधि के लिए बालू खनन करने हेतु समनुदान अवार्ड दिया जाएगा। सफल बीडर विहित प्रपत्र में बंदोबस्ती विलेख संबंधित नियम अथवा उसके समरूप एक प्रपत्र में कार्य आरंभ करने के पहले, निष्पादित और निबंधित करेगा तथा यथा विहित अपेक्षित प्रतिभूति राशि जमा देगा।

12. **बालू का विक्रय मूल्यः**– अंतिम उपयोगकर्त्ता अथवा आमजन हेतु बालू का मूल्य बाजार द्वारा विनिश्चित किया जाएगा।

13. **बालू खनन की अनुमतिः**– समानुदान ग्राही को सभी अपेक्षित वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद बालू खनन की अनुमति दी जाएगी।

14. **बालू खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्रः**– बालू खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्र प्रभावी नियमों के अनुसार होगें।

15. **बालू खनन की अधिकतम गहराईः**– नदी तल में खनन की अधिकतम गहराई उस समय बिना खुदाई वाले तल स्तर से 3 मीटर अथवा जल स्तर जो भी कम हो, से अधिक नही होगी। उत्खनन के दौरान निर्मित सभी ऐसे गड्ढे नियमित आधर पर भर दिये जाऐंगे।

16. **बंदोबस्तधारी द्वारा नियमों, निदेशो/शर्त्तों का अनुपालनः**–

(i) बंदोबस्तधारी संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण करेगा तथा स्वयं/अथवा अपने द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से बालूघाटों का प्रचालन करेगा। किसी रूप में किये गये उप पट्टा (सबलेटिंग) के कारण से बंदोबस्ती रद्द कर दी जाएगी। बालूघाटों/नदी तल तक बालू के परिवहन के प्रयोजनार्थ पहुँच पथ (अप्रोच रोड़) का निर्माण बंदोबस्तधारी द्वारा स्वयं किया जाएगा।

(ii) बंदोबस्तधारी विहित प्रपत्र में बालू के उत्पादन तथा प्रेषण से संबंधित साप्ताहिक, मासिक एवं वार्षिक रूप से विवरणी (रिटर्न) समर्पित करेगा।

(iii) बंदोबस्तधारी नदी तल से बालू प्रेषण के बिन्दु पर एक साईनबोर्ड लगाएगा जिसपर बंदोबस्तधारी का नाम एवं पता, बंदोबस्ती की अवधि, स्थानीय मैनेजर का नाम एवं पता तथा बालू का विक्रय मूल्य प्रदर्शित किया जाएगा।

(iv) बंदोबस्तधारी श्रम विधियों के प्रावधानों के अनुसार आश्रय गृह, पीने का पानी, शिशु गृह (क्रेचेज) तथा फ्रफर्स्ट एड किट की व्यवस्था संबंधित बालूघाटों में लगे श्रमिकों के लिए करेगा।

(v) बंदोबस्तधारी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय /SEIAA/ DEIAA द्वारा मॉनसून अवधि (जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर माह में अथवा पर्यावरणीय स्वीकृति में यथा कथित) में नदी तल से खनन के लिए अधिरोपित रोक, खनिज संसाधनों की अनुपलब्धता, पहुँच पथ में किसी बाधा, सीमा विवाद अथवा उसके किसी अन्य कारण के चलते उत्पन्न किसी समस्या के कारण बालू के उत्पादन/प्रेषण में उत्पन्न अवरोध की दशा में किसी प्रतिपूर्ति का हकदार नही होगा।

(vi) दो जिलों के बीच किसी सीमा विवाद की दशा में, उसे संबंधित जिला पदाधिकारियों द्वारा जो इस संबंध में संयुक्त निर्णय लेगें, संयुक्त रूप से हल किया जाएगा और उसे विभाग को संसूचित कर दिया जाएगा।

(vii) बालू का परिवहन बालू ढोने वाले वाहनों को तारपोलीन से आच्छादित करने के उपरांत किया जाएगा।

(viii) बंदोबस्तधारी वाहनों में सूखा बालू लादने की व्यवस्था यह सुनिश्चित करने के लिए करेगा कि बालू ढोने वाले वाहनों से सड़क पर पानी नही टपके। इसके लिए बंदोबस्तधारी नदी के किनारे से 300 मीटर की दूरी के भीतर बालू लादने के लिए सेकेण्डरी लोडिंग की व्यवस्था करेगा जिसके लिए अपेक्षित बालू जमा करने हेतु किसी लाईसेन्स की आवश्यकता नहीं होगी।

(ix) बालूघाट बंदोबस्तधारी खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957, बिहार लघु खनिज समानुदान नियमावली, 1972, बिहार खनिज (अवैध खनन परिवहन और भंडारण निवारण) नियमावली, 2003 के सुसंगत प्रावधानों तथा उसमें किये गये संशोधनों तथा सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेशों का पालन करेगा। बंदोबस्तधारी पर यह भी बाध्यकारी होगा कि अन्य सुसंगत अनिधिनियमों तथा नियमावलियों के प्रावधानों का पालन करेगें।

(x) बंदोबस्तधारी बंदोबस्त क्षेत्र के भीतर किसी अवैध खनन के लिए जिम्मेवार होगें और पाई गई किसी शिकायत, यदि कोई हो, पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा बंदोबस्तधारी के विरूद्ध आपराधिक मामला दायर किया जाएगा।

(xi) बंदोबस्तधारी समाहर्त्ता द्वारा बालूघाटों के संचालन के संबंध में लोकहित में जारी निर्बंधनों और शर्त्तों तथा निदेशों का पालन करेगा।

(xii) बंदोबस्तधारी को खनन राजस्व/जी0एस0टी0/आयकर/स्टाम्प शुल्क/रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान नही करने की दशा में 30 दिनों का कारणपृच्छा नोटिस तामील की जाएगी और उक्त अवधि के दौरान बकाए का भुगतान करने में असफल रहने की दशा में बंदोबस्ती रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

17. **पर्यावरणीय अनापत्तियों की मंजूरी के लिए समय–सीमाः–** राज्य खनन विभाग समयबद्ध रीति से पर्यावरणीय एवं अन्य स्वीकृतियाँ बालूघाटों हेतु प्राप्त करेगा। वैधानिक पर्यावरणीय तथा अन्य स्वीकृतियों को प्राप्त करने हेतु, जिला खनन पदाधिकारी तथा निदेशक, खान कार्रवाई करेगें।

18. **समनुदान का प्रत्यार्पण।–** बंदोबस्तधारी को बंदोबस्ती छोडने के पूर्व उस पंचांग वर्ष की सम्पूर्ण बंदोबस्ती राशि जमा करनी होगी। बंदोबस्ती प्रत्यार्पित करने की स्थिति में जमा सम्पूर्ण प्रतिभूति राशि के साथ–साथ भुगतान की गई अन्य राशि को जप्त कर ली जायेगी।

19. **ऑन लाईन बालू पोर्टल–** बंदोबस्तधारी सभी उपभोक्ताओं (छोटे, मध्यम एवं बड़े) को बालू का विक्रय या तो ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन मोड के माध्यम से करेगा। सभी संव्यवहार/भुगतान, उत्खनन/उत्पादन/ परिवहन भंडारण का ब्योरा विभागीय ऑनलाइन रीयल टाइम मोनिटरिंग सिस्टम द्वारा अनुश्रवण किया जायेगा। बालू का विक्रय इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजीकरण, जो केन्द्रीय दस्तावेजीकरण अनुश्रवण सुविधा से जुड़ा रहेगा, से नियंत्रित किया जाएगा और बंदोबस्तधारी द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से विभागीय पोर्टल पर डाला जाएगा।

20. **बालूघाटों में मशीनरी लगानाः–** बंदोबस्तधारी द्वारा सतत् बालू खनन प्रबंधन मार्गदर्शन, 2016/ पर्यावरणीय स्वच्छता प्रमाण–पत्र में विनिर्दिष्ट शर्त्तों के अनुरूप किया जायेगा।

21. **परिवहन के लिए ई0चालानः–** बालू के परिवहन के लिए ई0चालान में सुरक्षा विशेषताएँ, जैसे बारकोड, क्यू0आर0 कोड होगी तथा सभी सूचनाओं के साथ होगी। बालू ढोने वाले सभी वाहन बालू के परिवहन के लिए आवश्यक रूप से ई0चालान साथ रखेगें।

22. **डिसिल्टिंग का जिम्मा लेने हेतु सरकार का अधिकारः–** नदी का प्रवाह, बाँधों की सुरक्षा तथा जीओ तकनीक एवं जल वैज्ञानिक विचारण के चलते नदियों का परिवेश बनाए रखने के लिए डिसिल्टेशन का अधिकार सरकार अपने पास आरक्षित रखती है। विभाग डिसिल्टिंग प्रक्रिया में निकाले गए बालू के निपटारे के लिए मार्गदर्शन निर्गत करेगी।

23. **खनन योजनाः–** खनन योजना प्रभावी नियमों में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार विभाग तैयार कर अनुमोदित करेगा। विभाग द्वारा एजेन्सी के माध्यम से खनन योजना तैयार कराई जायेगी तथा उसपर होने वाले व्यय की वसूली संबंधित बंदोबस्तधारी से की जायेगी।

24. **बालू–परिवहन विनियमित करने की शक्तिः–** अधिसूचना के माध्यम से विभाग, राज्य से अन्य राज्यों में बालू के निर्यात को नियंत्रित कर सकता है। इस क्रम में विभाग चेक पोस्ट, बैरियर धर्मकांटा इत्यादि अधिष्ठापित कर सकेगा।

यदि विभाग का विचार हो कि विधिपूर्ण प्राधिकार के बिना बालू का परिवहन एवं भंडारण के रोकने की दृष्टि से वैसा करना आवश्यक है तो वह लिखित आदेश द्वारा राज्य के भीतर किसी स्थान या स्थानों पर चेक पोस्ट लगाने या बैरियर स्थापित करने अथवा दोनों के लगाने हेतु निदेश करेगा।

25. **भराई का अध्ययनः–** मॉनसून के पहले और बाद नदी तल में बालू की मात्रा की भराई अभिनिश्चित करने के लिए अध्ययन बंदोबस्तधारी द्वारा अद्यतन उपलब्ध तकनीक का उपयोग करते हुए मान्यता प्राप्त संस्थानों/ एजेंसियो के माध्यम से करवाया जाना है और इसका एक प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करना है। विभाग द्वारा अध्ययन क्रियान्वित किए जाने की दशा में, अध्ययन का खर्च संबंधित बंदोबस्तधारी से वसूल किया जाएगा।

26. **रैयती भूमि से उपमिट्टी बालू का हटाया जानाः–** बंदोबस्तधारी भूस्वामी की सहमति लेने और पर्याप्त क्षतिपूर्ति देने के बाद रैयती भूमि से उपमिट्टी बालू हटा सकेगा। ऐसे प्रस्ताव खनन प्रचालन आरंभ करने के पूर्व खनन योजना में शामिल किये जाएंगे और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय के सक्षम प्राधिकारों से सम्यक् पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करनी होगी।

27. **जल संसाधन विभाग से अनापत्तिः–** किसी बालू घाट से बालू उठाने की दशा में यदि कोई प्राकृतिक जलमार्ग/सिंचाई नहर लिंक रोड और बालूघाट के बीच पड़ती हो तो बंदोबस्तधारी जल संसाधन विभाग की पूर्व अनुमति से बालू के परिवहन के लिए अस्थायी संरचना खड़ा कर सकेगा। पूर्व अनुमति के लिए ऐसा आवेदन जल संसाधन विभाग के संबंधित कार्यपालक अभियंता के समक्ष

देगा। आवेदन की तिथि से एक माह के भीतर यदि इस संबंध में कोई विनिश्चय बंदोबस्तधारी को संसूचित नही किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि जल संसाधन विभाग को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नही है।

28. **बिहार राज्य खनन निगम द्वारा क्रियाकलापः–** राज्य सरकार सभी अथवा किसी खनन क्रियाकलाप अथवा व्यापार को बिहार राज्य खनन निगम को सौंप सकेगी। निगम, विशेष रूप से खनन क्रिया कलाप के बालू के थोक व्यापार, खुदरा व्यापार, भंडारण एवं परिवहन आदि का जिम्मा ले सकेगा। निगम किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी अथवा प्राईवेट अन्डरटेकिंग के साथ कोई करार उक्त प्रयोजनार्थ कर सकेगा।

29. **निगम द्वारा विहित दरों पर खनिजों का क्रय किया जानाः–** विभाग सभी खनिज समानुदान धारकों को अपने उत्पाद का कुछ अनुपात जो उनके उत्पाद का 50 प्रतिशत् से अनधिक होगा, निगम को पिट हेड मूल्य पर विक्रय करने हेतु निदेश दे सकेगा।

30. **बफर स्टॉकः–** बालू के मूल्य को विनियमित करने हेतु, विभाग बालू का कतिपय बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए निगम को प्राधिकृत कर सकता है और उसे उस स्थान और उस मूल्य पर, जिसे विभाग निदेशित करे, विक्रय करने हेतु निदेशित कर सकता है।

31. **शास्तिः–** नियम में वर्णित प्रावधानों के अनुसार मान्य होगा।

32. **नियमावलियों में संशोधनः–** बिहार लघु खनिज समनुदान नियमावली, 1972 और बिहार खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण निवारण) नियमावली, 2003 में आवश्यक संशोधन बिहार बालू नीति, 2019 के अनुसार पृथक रूप से किये जाएँगे।

33. सरकार समय–समय पर, इस नीति का पुनर्विलोकन करेगी और नया मार्ग दर्शिका जारी करेगी अथवा ऐसा संशोधन करेगी जैसा उचित समझें।

34. यह नीति राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत होगी। बंदोबस्त बालूघाटों का संचालन इस नीति के अनुसार किया जायेगा, जो 01 जनवरी, 2020 से प्रारम्भ होंगी।

35. (क) नई बालू नीति, 2013 एतद् द्वारा निरसित की जाती है।
(ख) ऐसे निरसन को होते हुए भी उक्त नीति के अधीन किया गया कोई कार्य या की गई कोई कारोबार इस नीति के तत्संबंधी उपबंधों के अधीन किया गया कार्य या की गई कार्रवाई समझा जाएगा।

36. निदेशक, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार इस नीति के क्रियान्वयन के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करेगें और इसके व्यापक प्रचार के लिए आवश्यक व्यवस्था करेंगे।

**बिहार–राज्यपाल के आदेश से,**
**अरूण प्रकाश,**
**सरकार के अपर सचिव।**

*The 14th August 2019*

***BIHAR SAND MINING POLICY, 2019***

No- 2/M.M.(Ba) 227/18- 2650 /M—**Bihar Sand Mining Policy, 2019** is hereby notified for reasons and objectives stated below:—

1. Sand is one of the most important construction materials. Ensuring its availability is vital for the development of the infrastructure in the state. The most important source of sand is the river. The extraction of sand from the river bodies has to be regulated and done with adoption of required environmental safeguards.

2. Bihar has deposits of sand used for both construction and filling purposes. Districts falling south of the river Ganga have yellow sand used for construction whereas districts falling north of the river Ganga have only white sand which is primarily used for filling purposes. Settlement potential of yellow sand districts differs from those of white sand, as there is ahuge demand for construction sand whereas sand used for filling purposes has limited potential.

3. The State Sand Policy, 2013 was framed vide Notification No. 2214/M, dated 27.08.2013 wherein every river as a whole situated in each district was considered as a single stretch. For the purpose of settlement, all rivers in a district were treated as individual stretches and all such stretches in one district was combined into one single unit. Provision was also made for combined settlement of two or more districts as one single unit. Altogether 25 sand units were formed in 29 districts under the 2013 Sand Policy.

4. The settlement of multiple districts with one individual/company ultimately created larger vested interests and a monopolistic system. Small players had no role in this system.

5. The main objectives of the new Sand policy 2019, are threefold :- (i) to ensure that sand mining is done in an environmentally sustainable manner, (ii) to ensure availability of adequate quantity of sand for construction at a reasonable price and (iii) to increase the number of settlees to ensure generation of employment. The settlement of sand is proposed to be done in following manner:-

**Sand Ghat Units:—**

*(i)* Every river in district shall be considered as a different reach and major sand reaches like Sone, Kiul, Falgu, Morhar and Chanan shall be divided into sustainable contiguous blocks, wherever possible, keeping in mind the topography of the river for settlement.

*(ii)* Similarly other reaches within a district shall be divided as per requirement for the purpose of settlement.

6. **Procedure for Settlement of Sand Ghats :—**

*(A)* Any individual / registered companies / partnerships / Societies including co-operative societies shall be eligible to bid for maximum two sand blocks or upto an area of 200 hectares whichever is less. The upper limit shall be applicable for rivers mentioned in Para 5(i) above only. For other rivers the department shall be competent to decide maximum number/ area of sand block.

***(B)*** *(i)* The settlement of sandghats shall be done in favour of the highest bidder through e-tender –cum- auction amongst the tenderers whose technical bids are found to be technically suitable as per the eligibility criteria specified in the bid document.

*(ii)* The concession shall be awarded at a price called annual concession value quoted highest by the bidder, which will be increased by 20% for each subsequent year, payable in advance.

